aglasem.com

FOR KARNATAKA CLASS 10 PREPARATION

Karnataka SSLC Model Question Paper 2027 for Hindi First Language (Paper 3)

EXAM	YEAR	TYPE	SUBJECT
Karnataka Class 10	2027	Sample Paper	Hindi

ಕರ್ನಾಟಕ ಶಾಲಾ ಪರೀಕ್ಷೆ ಮತ್ತು ಮೌಲ್ಯನಿರ್ಣಯ ಮಂಡಳಿ

6 ನೇ ಅಡ್ಡರಸ್ತೆ, ಮಲ್ಲೇಶ್ವರಂ, ಬೆಂಗಳೂರು-**560003**

KARNATAKA SCHOOL EXAMINATION AND ASSESSMENT BOARD

6th Cross, Malleshwaram, Bengaluru - 560003

2026-27 ನೇ ಸಾಲಿನ ಎಸ್. ಎಸ್. ಎಲ್. ಸಿ. ಮಾದರಿ ಪ್ರಶ್ನೆ ಪತ್ರಿಕೆ - **03**

S.S.L.C. MODEL QUESTION PAPER – 03 - 2026-27

ವಿಷಯ: ಪ್ರಥಮ ಭಾಷೆ - ಹಿಂದಿ

Subject: First Language - HINDI

ಸಮಯ: **3** ಗಂಟೆ **15** ನಿಮಿಷಗಳು ವಿಷಯ ಸಂಕೇತ: **06H**

ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು: **100** **Subject Code : 06H**

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएं:

1. इस प्रश्नपत्र में कुल 45 प्रश्न हैं।
2. सभी प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें।
3. प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं।
4. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर दिया गया है, जिसमें प्रश्न पत्र पढ़ने के 15 मिनट भी शामिल हैं।

I. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार – चार विकल्प सुझाए गए हैं, उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्णरूप से लिखिए : **6X1=6**

1.. 'घराने' शब्द का एकवचन रूप है –

A) पुस्तकें (B) कोशिशें (C) घराना (D) टोकरियाँ

2. 'भिखारी' शब्द का अन्य लिंग रूप है –

A) भिखारिन (B) ठाकुर (C) पंडिताइन (D) पांडित्य

3. 'घटना' शब्द का विलोम रूप है –

A) अवनति (B) बढ़ना (C) कमी (D) घटाना

4. निम्नलिखित में से प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया रूप है –

A) डरना (B) चलना (C) लिखवाना (D) जलाना

5. निम्नलिखित में से उपसर्गयुक्त शब्द है –

A) सुंदरता (B) सामाजिक (C) अपठित (D) दयालु

6. निम्नलिखित में से 'आँख लगना' मुहावरे का अर्थ है –

A) चौकन्ना होना (B) भाग जाना (C) नींद आना (D) सहायता करना

II. निम्नलिखित प्रथम दो शब्दों के सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए। **4X1=4**

7. महोदय : गुण संधि :: भवन : _____।

8. सप्ताह : द्विगु समास : बेईमान : _____।

9. गुरुदेव वहाँ बड़े आनंद में थे : भूतकाल :: कुछ और पहले की घटना याद आ रही है : _____।

10 .जो कविताएँ लिखती हैं : कवियत्री :: जो अभिनय करता है :: ____।

III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक - एक वाक्य में लिखिए : **7X1=7**

11. बात बात पर हँसना किसका स्वभाव है ?

12. गांधीजी का पूरा नाम क्या था ?

13. लाला झाऊलाल ने किसे अपनी विपदा सुनाई ?

14. जीवन में सफलता प्राप्त करने का मार्ग कौन सा है ?

15. आकाश की खूबी क्या है ?

16. डॉ॰ इकबाल को किस नाम से जाना जाता है ?

17. विद्यापति के गीत अधिकतर कहाँ गाए जाते हैं ?

IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्यों में लिखिए : **10X2=20**

18. किसके सपने में अनदेखे अरूप आया था ? उसने कवि से प्यार कैसे मांगा ?

19. तीसरे महाशय बाज़ार क्यों गए थे ?

20. महात्मा गांधीजी ने नेटाल, इंडियन कांग्रेस की स्थापना क्यों की ?।

21. ज्योतिषी और नेपोलियन के बीच में हुए संवाद का परिचय दीजिए ।

22. हेलेन केलर के अनुसार उसे अपार आनंद की अनुभूति कैसे होती है ?

23. स्काउट और गाइड के प्रमुख नियम क्या है ?

24. लोकगीत गाने के सन्दर्भों के बारे में लिखिए ।

25. पुराने रूसी साहित्य में लेखक नागेन्द्र भट्टाचार्य जी ने क्या पढ़ा था ?

26. " मन चंगा तो कटौती में गंगा " इस कहावत का अर्थ समझाइए ।

27. " परबत वो सबसे ऊँचा , हमसाया आसमाँ का " इस पंक्ति का तात्पर्य क्या है ?

V. निम्नलिखित लेखक / कवि का परिचय दीजिए। **2X3=6**

28. पाण्डेय बेचन शर्मा उग्र ।

29. बालकृष्ण शर्मा ' नवीन'।

VI. छंद पहचानकर लक्षण बताइए । **1X3=3**

30. निज दुख गिरिसम रज करि जाना ।
मित्रक दुख रज मेरु समाना ।।

VII. अलंकार पहचानकर लक्षण बताइए । **1X3=3**

31. काली घटा का घमंड घटा ।

VIII. निम्नलिखित वाक्यों का सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए । **4X3=12**

32. 'वह अलग बैठकर टूँगता रहता था' ।

33. 'मर अभागे, तुम मुझे और क्या क्या दिखाएगा'?

34. 'उसे देखा नहीं जा सकता, अनुभव किया जा सकता है' ।

35. 'अच्छा, साहब आश्रम के कौए क्या हो गए' ?

IX. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर चार – पाँच वाक्यों में लिखिए: **3X3=9**

36. अकबरी लोटा पाठ में लाला झाऊलाल के चरित्र पर प्रकाश डालिए ।

37. मन्नुजी ने राष्ट्रीय आंदोलन में अपनी भूमिका कैसे निभाई? स्पष्ट कीजिए ।

38. भगवान् के निवास स्थान के बारे में कबीरदास जी ने क्या कहा है? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए ।

X. निम्नलिखित पद्यांश की पूर्ति कीजिए । **1X4=4**

39. पैदा कर_____
_____
_____
_____स्वजीवन सारा ।

अथवा

जग में सुख _____
_____
_____
_____ को गले लगाना ।

XI. निम्नलिखित पद्यांश का भावार्थ लिखिए। **1X4=4**

40. भूख लगी तो गाँव में भिक्षान्न हैं,

प्यास लगी तो तालाब - कुएं हैं,

शीत से बचने जीर्ण वस्त्र हैं,

सोने के लिए उजड़े मंदिर हैं,

हे चन्नमल्लिकार्जुन प्रभु,

मेरा आत्म - सखा तू ही है।

अथवा

मुरझाए फूल में सुगंधि कौन ढूँढेगा?

बच्चे में कौन खोट देखेगा?

हे देव! विश्वास को ठेस लगने पर

फिर से सद्‌गुण कौन परखेगा?

हे प्रभु, जले पर कौन नमक छिड़केगा?

सुनो, हे चन्नमल्लिकार्जुन,

नदी पार करने के बाद मल्लाह को कौन पूछेगा?

XII. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर आठ - दस वाक्यों में लिखिए। **2X4=8**

41. कर्नाटक एकीकरण के बारे में अपने विचारों के प्रचार के लिए वेंकटराजी ने क्या क्या किया? स्पष्ट कीजिए।

अथवा

कर्नाटक विद्यावर्धक संघ की प्रगति में वेंकटरावजी के योगदान के बारे में लिखिए।

42. सेठ गोविन्ददास की राय में सच्चा धर्म क्या है? स्पष्ट कीजिए।

अथवा

पुरुषोत्तम को विनायक के साथ क्यों भोजन करना पड़ा? स्पष्ट कीजिए।

XIII. गद्यांश पढकर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए । **2X2=4**

43. मोती की सीप के समान बनो । एक बड़ी सुंदर भारतीय कथा है कि यदि स्वाति नक्षत्र में वर्षा का एक बूँद उस सीप में पड़ जाता है तो वह मोती बन जाता है । अतः वह स्वाति नक्षत्र के चमकते ही जल की सतह पर आ जाती है और उस मूल्यवान वर्षा की बूँद पाने की लिए प्रतीक्षा करती रहती है। जैसे ही कोई बूँद उसके मुँह में प्रवेश करती है, तो सीप तुरंत अपना मुँह बंद कर लेती है और डुबकी लगाकर समुद्र के तल पर पहुँच जाती है । वहाँ पर बूँद मोती का रूप धारण करती है ।

प्रश्न:

a). एक बड़ी सुन्दर भारतीय कथा क्या है?

b) मोती कैसे बनती है ?

XIV. निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए । **1X5=5**

44. अपनी अस्वस्थता का कारण बताते हुए दो दिनों की छुट्टी के लिए कक्षाध्यापक के नाम पत्र लिखिए । का ,

अथवा

परीक्षा के तैयारी के बारे में बताते हुए अपने पिताजी को एक पत्र लिखिए।

XV. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर पन्द्रह बीस वाक्यों में निबंध लिखिए। **1X5=5**

45. i) हमारे राष्ट्रीय पर्व

ii) सूचना का सशक्त माध्यम – दूरदर्शन
